हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री

13 महाआरती के बाद अपने भवन में विराजमान हुई माता



14 सुविधाओं के बिना मंडी शिफ्टिंग रुकी, बड़ी राहत



## खबर संक्षेप

### कार में आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना मोहाना क्षेत्र में मकान के अंदर खड़ी गाड़ी में आग लगाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान विजयपाल निवासी गांव भटाना जाफराबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 25 मार्च 2026 को संदीप ने शिकायत दी कि उसने करीब दो साल पहले 16 लाख रुपये में विजयपाल से मकान खरीदा था और पूरी रकम उसी समय दे दी थी। इसके बावजूद 24 मार्च को विजयपाल गांव आया और मकान या अतिरिक्त पैसे की मांग करने लगा। रात के समय संदीप को सूचना मिली कि उसके मकान में आग लगी है। मौके पर पहुंचने पर उसने देखा कि मकान के अंदर खड़ी कार और पास रखा सामान जल रहा था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान उप निरीक्षक रमेश की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लोहे के चैनल चोरी करता युवक काबू, एक फरार

**गन्नौर।** अंतरराष्ट्रीय मंडी क्षेत्र में देर रात प्राइवेट कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए चोरी के एक आरोपी को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में निजी सुरक्षा कंपनी में क्षेत्र अधिकारी दिल्ली निवासी विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे चालक के साथ गाड़ी में रात्रि जांच पर थे। जब वे मंडी के पुराने कार्यालय के पास पहुंचे तो एक संदिग्ध छोटी गाड़ी आती दिखाई दी। शक होने पर उन्होंने वाहन को रुकवाकर देखने लगा तो पाया कि गाड़ी में सवार दो युवक भागने लगे, जिनमें से एक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव खुबडू निवासी अमित के रूप में हुई है, जबकि दूसरा आरोपी अमन गिरी निवासी गांव डटोली मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान गाड़ी से 10 चैनल बरामद किए गए।

### आशा वासन बनीं 1082वीं नेत्रदाता

**गोहाना।** मुख्य बाजार में नजदीक बाबा नागा मंदिर निवासी 73 वर्षीय आशा वासन को क्षेत्र की 1082वीं नेत्रदाता का दर्जा मिला। मृतका के स्वर्गवास के बाद परिजनों द्वारा उनका नेत्रदान करवाया गया। महिला आशा वासन का 25 मार्च की रात को देहांत हो गया। परिवार ने नेत्रदान के लिए प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था आहुति से सम्पर्क किया गया। नेत्रदान करवाने श्राफ नेत्र अस्पताल, नई दिल्ली से तकनीशियन नरेन्द्र लोहमर पहुंचे।

# तीसरे दिन भी टॉवर से नहीं उतरा सुनील, अधिकारी-बोले परिवार से चल रही बातचीत

## ■ युवक व उसके परिवार ने तोड़फोड़ की कार्रवाई न करने का लिखित आश्वासन मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

गांव असावरपुर में अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को करीब 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ा सुनील तीसरे दिन भी अपनी मांग पर अडिग रहा और नीचे नहीं आया। मामले को सुलझाने के प्रयास से वीरवार को प्रशासन की ओर से राई के नायब तहसीलदार अभिनव गांव असावरपुर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ सुनील व उसके परिवार से बातचीत कर उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया। परिजनों ने आपबीती बताते हुए फिर से प्रशासन से तोड़फोड़ की कार्रवाई न होने का लिखित में आश्वासन मांगा। नायब तहसीलदार का कहना है कि ग्रामीण व परिवार से बातचीत चल रही है, जल्द ही समाधान निकाला जाएगा। बता दें कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की टीम मंगलवार को पुलिस बल के साथ गांव असावरपुर में अवैध कब्जे हटवाने के लिए पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान टीम ने सुनील के परिवार की जमीन पर बने स्कूल के कमरों को गिरा दिया था। मकान मालिक और किसान सुनील इसका विरोध करते हुए 250 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गए थे। साथ ही कार्रवाई नहीं रोकने पर कूदकर जान देने की धमकी दी थी। इसके बाद प्रशासनिक अमले ने सुनील को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह टावर से नीचे नहीं उतरा। इसके बाद टीम वापस लौट गई थी, लेकिन सुनील 3 दिन से टावर पर ही बैठा है। परिवार के साथ ग्रामीणों मौके पर धरनारत हैं। सुनील व परिवार की मांग है कि प्रशासन की ओर से उन्हें इसका उचित मुआवजा व वैकल्पिक व्यवस्था करें।



सोनीपत। टॉवर पर खड़ा सुनील।

### मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात का आश्वासन



सोनीपत। गांव में बैठक करते ग्रामीण।

ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल की राई स्थित विश्राम गृह में सोनीपत के एसडीएम सुभाष चंद्र के साथ बैठक हुई। बैठक में प्रतिनिधिमंडल में शामिल ग्रामीण रामबीर पंडित ने बताया कि अधिकारियों ने उन्हें मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने का आश्वासन दिया है। अधिकारी चाहते हैं कि सुनील को टावर से उतारकर उसे भी मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने के लिए ले जाया जाए। संभावना जताई जा रही है कि ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात कर सकता है। एसडीएम सुभाष चंद्र ने बताया कि ग्रामीणों ने अधिग्रहित जमीन को रिलीज करने की मांग की है। इसको लेकर ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल की जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई जाएगी।

### आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस तैनात

एसडीएम सुभाष चंद्र ने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए मौके पर एंबुलेंस तैनात की गई है। सुनील अपने साथ खाने-पीने का सामान लेकर गया है। समय-समय पर उसे ऊपर जरूरी सामान भी पहुंचाया जा रहा है। वहीं एचएसवीपी के ईओ सिद्धार्थ ने बताया कि मोबाइल टावर पर चढ़े सुनील व उनके परिवार को जमीन खाली करने के लिए 4 बार नोटिस दिया जा चुका है। पहला नोटिस जनवरी 2025, दूसरा व तीसरा नोटिस अक्तूबर 2025 में दिए गए थे। इसके बाद 12 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद पिछले सप्ताह ही नोटिस दिया गया था। उनकी जमीन 60 मीटर चौड़ी रोड में आ रही है। इसकी वजह से रोड का निर्माण रुका हुआ है।

## किसानों के लिए कोई भी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटेगा इनेलो : गहलावत



**सोनीपत।** इंडियन नेशनल लोकल के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने अन्य पदाधिकारियों के साथ वीरवार को गांव असावरपुर पहुंचकर ग्रामीणों के धरने को समर्थन दिया। कुणाल गहलावत के साथ युवा जिला अध्यक्ष विकास मलिक, सोनीपत हलका अध्यक्ष से सरधर्म उर्फ बिट्टू सरोहा, वरिष्ठ नेता राजेश पलड़ी, सिंटू त्यागी, सूरत सिंह आंतिल धरने पर समर्थन देने के लिए पहुंचे। कुणाल गहलावत ने भाजपा सरकार व कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कुणाल गहलावत ने 250 फुट टावर पर चढ़े किसान सुनील की सेहत को लेकर भी चिंता जताई और कहा मौजूदा भाजपा सरकार गूंगी व बहरी हो चुकी है। उन्होंने कहा की इनेलो किसानों के लिए हर कर्बानी देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान मौजूदा विधायक कृष्णा गहलावत का वीडियो ग्रामीणों ने इनेलो जिला अध्यक्ष कुणाल को दिखाते हुए कहा कि विधायक ने मंदिर के अंदर इन घरों को बचाने के लिए कसमें खाई थी, आज उनको न अपना वादा याद है और न इन सड़क पर बैठे किसानों का दर्द वह समझ रही है। कुणाल ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। पेंशन की लड़ाई भी इनेलो ने लड़ने का काम किया है।

# कमर्शियल गैस की किल्लत के बाद अब पेट्रोल के लिए लोग परेशान, दो दिन से सप्लाई बाधित

## तेल किल्लत की अफवाह के बाद शहर के पेट्रोल पंपों पर लंबी लाइनें, नायरा ने बढ़ाए तेल के दाम

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते कमर्शियल गैस की किल्लत के बाद अब प्राइवेट तेल कंपनियां पेट्रोल व डीजल के दामों में इजाफा करने लगी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण यह कदम उठाया जा रहा है। हालांकि सरकारी कंपनियों की ओर से पेट्रोल व डीजल के दाम स्थिर हैं। इसके बीच जिले में पेट्रोल की सप्लाई प्रभावित होने से अधिकतर पेट्रोल पंपों पर ड्राई होने की स्थिति में पहुंचने लगे हैं। एक सप्ताह पहले प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में 2.63 रुपये प्रति लीटर का इजाफा होने के बाद वीरवार को नायरा एनर्जी कंपनी ने पेट्रोल के दाम में 5 रुपये व डीजल के दाम में 3 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे वाहन चालकों में हलचल का दौर शुरू हो गया है। वाहनों में पेट्रोल भरवाने के लिए वाहन चालक पंपों पर भीड़ लगाने लगे हैं। जिले में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम व जियो-बीपी के करीब 100 से ज्यादा पेट्रोल पंपों का संचालन हो रहा हैं। हालांकि नायरा एनर्जी कंपनी के अंतर्गत सोनीपत में केवल दो पेट्रोल पंपों का ही संचालन हो रहा है। ऐसे में कंपनी के रेट बढ़ाने से कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

■ जिले में 100 से ज्यादा पेट्रोल पंप



सोनीपत। ओल्ड डीसी रोड स्थित पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए लगी वाहन चालकों की भीड़।



सोनीपत। एटलस रोड स्थित पेट्रोल पंप पर वाहनों की लाइनें।

### सप्लाई प्रभावित होने से कुछ पंप डाई स्टेट में

उधर सरकारी कंपनियों की ओर से पंपों पर पहले की तरह पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कई पंपों पर पेट्रोल खत्म होने के कगार है। ऐसे में वाहन चालकों में सुगबुगाहट का दौर शुरू हो गया है। शहर के ओल्ड डीसी रोड, कालुपुर चुंगी, कंवाली मोड़ सहित अधिकांश पेट्रोल पंपों पर दो दिन से पेट्रोल की सप्लाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में वाहन चालकों की बुधवार रात से पेट्रोल पंपों पर तेल डलवाने के लिए भीड़ उमड़ने लगी है। सप्लाई प्रभावित होने से कुछ पेट्रोल पंप डाई स्टेट में चले गए हैं। इससे पंप संचालकों के पास एक दिन का ही पेट्रोल बचा है। इससे अधिकांश पेट्रोल पंप संचालक परेशान नजर आने लगे हैं

### स्टॉक जल्द पहुंचने के लग रहे कयास

पिछले सप्ताह गैस को लेकर हुई उपायुक्त व अधिकारियों के बीच बैठक का अब तक कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। एक सप्ताह से जिले में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का 20 प्रतिशत स्टॉक जल्द पहुंचने के कयास लगाए जा रहे हैं, जिन्हें पहले अस्पताल, शिक्षण संस्थान जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए मुहैया करवाया जा रहा है। अब तक इन सिलेंडरों का स्टॉक नहीं पहुंचा है। ऐसे में घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी बढ़ने लगी है। बाजार में दुकानदार, रेस्तरां, होटल, ढाबा व खाद्य स्टॉल संचालकों 2000 रुपये में घरेलू सिलेंडर ब्लैक में खरीद रहे हैं। कमर्शियल पर रोक से घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग कारोबार में धड़ल्ले से होने लगा है। उधर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें सिलेंडरों के स्टॉक व इनके ब्लैक पर रोक लगाने निरीक्षण कर रही हैं।

### कंपनी के अफसर फोन नहीं उठा रहे

जिले में ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर रोजाना डिपो से तेल की सप्लाई होती है। जिसका अगले दिन वितरण किया जा रहा है। अब पेट्रोल की सप्लाई दो दिन से न होने के चलते अधिकतर पेट्रोल पंप ड्राई होने के कगार पर हैं। कंपनी के अधिकारी पंप संचालकों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं। इससे उन्हें सप्लाई संबंधी जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। अगर यही स्थिति रही, तो पेट्रोल की किल्लत से पंप संचालकों व वाहन चालकों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है। **-प्रविंदर खत्री**, प्रधान, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, सोनीपत

## हत्या कर शव को खुर्दबुर्द करने का आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने युवक की हत्या कर शव को यमुना नहर किनारे गड्ढा खोदकर छिपाने के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मोहित उर्फ मोंटी निवासी गांव बेगा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 14 जनवरी 2026 को मोनू निवासी बेगा ने शिकायत दी थी कि उसका भाई सोनू उर्फ टिटा 12 जनवरी की शाम दवाई लेने के लिए घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। बाद में 16 जनवरी को सोनू का शव यमुना नहर किनारे गांव बेगा के घाट से बरामद हुआ, जिसके बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गईं। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही फिरोज उर्फ मोटा, संजय व कुलदीप उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया था। अब जांच टीम में शामिल उप निरीक्षक रमेश ने कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपित मोहित को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## नालों की सफाई न होने से खेतों में भरा दूषित पानी



**गन्नौर।** गांव बलि कुतुबपुर में जलभराव की समस्या ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गांव के नालों की लंबे समय से सफाई न होने के कारण वे ओवरफ्लो हो रहे हैं, जिससे दूषित पानी आसपास के खेतों में भर गया है। इस कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसान ऋषि, रणबीर, राजेंद्र, लीला, विनोद व रामेहर ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमों ने सोनीपत, बहालगढ़, कुंडली और बारोटा में मारे छापे

# गैस की कालाबाजारी करने वालों पर एक्शन, 24 घंटे में दुकानों पर प्रयोग किए जा रहे 35 घरेलू सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में कमर्शियल गैस आपूर्ति बंद होने को करीब एक माह बीतने को है। कमर्शियल सिलेंडरों के अभाव में अब कारोबार में घरेलू सिलेंडरों का प्रयोग धड़ल्ले से होने लगा है। दुकानों ही नहीं, होटल, रेस्तरां, ढाबों से लेकर दुकानों व खाद्य पदार्थ के स्टॉलों पर घरेलू सिलेंडर प्रयोग होने लगा है। ऐसे में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से गठित टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर 24 घंटे के अंदर 35 सिलेंडर जब्त किए हैं। अधिकारियों की मानें तो विभाग की टीम अब तक छापामार कार्रवाई के दौरान 121 घरेलू सिलेंडर, कमर्शियल स्टॉक व छोटे सिलेंडरों को जब्त कर चुकी है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने वीरवार को सोनीपत के सेक्टर-14, दिल्ली रोड, आईटीआई चौक सहित बहालगढ़, कुंडली, बारोटा स्थित दुकानों पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान सभी जगहों पर दुकानों पर प्रयोग किए जा रहे घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया गया। टीम ने कार्रवाई के तहत 17 मार्च को खरखौदा से सिलेंडरों को जब्त करने का सिलसिला शुरू किया था। वहां से 28 सिलेंडर जब्त करने के बाद विभाग की टीम ने 18 मार्च को गोहाना व राई ब्लॉक में छापा मार विभिन्न दुकानों पर प्रयोग किए जा रहे 38 घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया था। इसके बाद पिछले सप्ताह कुंडली क्षेत्र स्थित दुकान से कालाबाजारी का पर्दाफाश कर 20 सिलेंडर जब्त किए थे। अब टीम ने 24 घंटे के अंदर दुकानों पर प्रयोग किए जा रहे 35 घरेलू सिलेंडरों को जब्त किया है।

■ विभाग अब तक 121 सिलेंडर पकड़ चुका



सोनीपत। छापेमारी करने वाली टीम के सदस्य।

### सिलेंडरों को खजाने में जमा करवाएंगे

घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी रोकने के लिए टीमों का गठन कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वीरवार को सोनीपत, बहालगढ़, कुंडली, बारोटा में स्थित दुकानों पर गठित टीमों ने छापा मारकर कुल 35 सिलेंडरों को जब्त किया है। जब्त किए गए सिलेंडरों की रिपोर्ट तैयार कर ली गई है, जल्द इन्हें सरकारी खजाने में जमा करवाया जाएगा। टीमों को निरंतर निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। **-विंशेल सहरावत**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, सोनीपत

अधिकारियों के अनुसार खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से घरेल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने व स्टॉक पर रोक लगाने के लिए टीमों का गठन किया है। अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने वीरवार को जिलेभर में छापा मार कार्रवाई की। टीम में विभाग के आईएफएस नवीन पालीवाल, प्रवीण कुमार, एसआईएफएस विनीत व मनदीप शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि सभी जब्त किए गए सिलेंडर व्यवसाय में प्रयोग किए जा रहे थे।बता दें कि दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालकों के पास जमा कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक अब पूर्ण रूप से खत्म हो चुका है। ऐसे में हर जगह दुकानदार व व्यवसायी घरेलू गैस सिलेंडर पर होने निर्भर होने लगे हैं। फूड बाजार भी गैस की किल्लत से जूझ रहा है।

# छह साल बच्ची को तलाश में पुलिस की मदद करने पर दो युवक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

छह साल की एक गुमशुदा बच्ची को पुलिस ने समय रहते सुरक्षित बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया। इस काम में मदद करने वाले गांव लिवासपुर के अजित और सुखबीर को पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। जानकारी अनुसार 21 मार्च की शाम बहालगढ़ थाना क्षेत्र से बच्ची के लापता होने की सूचना मिली थी।

### सर्च अभियान चलाया

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत आसपास के इलाकों में सर्च अभियान शुरू किया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जांची। इसी दौरान अजित और सुखबीर ने पूरी रात पुलिस के साथ मिलकर बच्ची की तलाश में मदद की। खोज के दौरान एक परिवार को बच्ची सुरक्षित मिली। उन्होंने जिम्मेदारी दिखाते हुए बच्ची को पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने बच्ची को उसके परिजनों से मिलवा दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि आम लोगों का सहयोग पुलिस के लिए बहुत जरूरी है। जागरूक नागरिकों की मदद से ही ऐसे मामलों में जल्दी सफलता मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि समाज को सुरक्षित बनाने में युवाओं की अहम भूमिका है।




सोनीपत। युवक को सम्मानित करती पुलिस आयुक्त साथ में एसीपी एवं अन्य।



रोचक / शिखर चंद जैन

# मूर्ख बनाने वाले ये पशु-पक्षी

बच्चो, इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी मूर्ख बनाने में पीछे नहीं होते। ये इतनी चालाकी से मूर्ख बनाते हैं कि कुछ आभास ही नहीं होता। पशु-पक्षी कभी अपने फायदे के लिए, कभी शिकार करने के लिए तो कभी अपनी जान बचाने के लिए दूसरे जंतुओं को मूर्ख बनाते हैं। अप्रैल फूल-डे के मौके पर हम तुम्हें मूर्ख बनाने वाले कुछ पशु-पक्षियों के बारे में बता रहे हैं।

## कोयल कौवे को बनाती है मूर्ख

**मादा कोयल** बड़ी चतुर होती है। वह खुद घोंसला नहीं बनाती, चुपके से जाकर कौवे के घोंसले में अंडे दे आती है। चतुर कहलाने वाला कौवा, कोयल के इस कारनामे के आगे मात खा जाता है। कौवा, कोयल के अंडों को अपने अंडे समझकर सेता है, उसकी देखभाल करता है। दरअसल, कोयल के अंडे भी आकार और प्रकार में बिल्कुल कौवे के अंडे जैसे दिखते हैं। इस तरह कोयल, कौए को 'मूर्ख' बनाकर अपने अंडों की देखभाल करवा लेती है। *

## किलडियर ड्रामेबाजी में माहिर



**किलडियर मुख्य** रूप से उत्तरी, मध्य और दक्षिणी अमेरिका के खुले, घास वाले मैदानों, खेतों, गोल्फ कोर्स और जल निकायों के किनारे पाए जाते हैं। ये कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कैरिबियन कंट्रीज में भी बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यह प्लोवर प्रजाति का एक तटीय पक्षी है, जो जमीनी इलाकों में रहता है। जब कोई शिकारी, जैसे- कुत्ता, लोमड़ी या इंसान इसके जमीनी घोंसले के करीब आता है, तो मादा या नर किलडियर घोंसले से दूर जाकर जमीन पर लेट जाता है। यह अपने पंख को इस तरह फैलाता और फड़फड़ाता है, जैसे कि पंख टूट गया हो। यही नहीं ड्रामेबाज किलडियर लंगड़ाकर चलने लगता है और दर्द भरी आवाजें भी निकालने लगता है। यह सब देखकर शिकारी को लगता है कि यह पक्षी घायल हो गया है, इसे पकड़ना आसान है। जैसे ही शिकारी, इस पक्षी का पीछा करते हुए घोंसले से काफी दूर चला जाता है, किलडियर फुर्र से उड़ जाता है। कभी-कभी तो ये चतुर पक्षी शिकारी को भ्रमित करने के लिए किसी खाली जगह पर ऐसे बैठ जाता है, जैसे वहां उसका घोंसला हो, ताकि असली घोंसला सुरक्षित रहे। *

## ऑक्टोपस मिमिक्री से देता है धोखा



**ऑक्टोपस एक** समुद्री जंतु है। यह अपनी त्वचा का रंग और बनावट बदलने में माहिर होता है। यह मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशिया में, विशेषकर इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप के पास के समुद्रों में पाया जाता है। ऑक्टोपस इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के उथले, रेतीले और कीचड़ भरे पानी में रहने वाला एक अनूठा समुद्री जंतु है, जो 15 से अधिक समुद्री जीवों की मिमिक्री यानी नकल करने की क्षमता रखता है। कलाकार प्रकृति का यह ऑक्टोपस समुद्र के अन्य खतरनाक जंतुओं जैसे लॉयन फिश या समुद्री सांपों की नकल कर लेता है। यह अपनी एक्टिंग इस आधार पर चुनता है कि सामने कौन-सा शिकारी है, ताकि उसे डरा सके। इस तरह शिकारी को धोखा देकर अपनी जान बचा लेता है। *

## एंग्लर फिश टॉर्चनुमा अंग देता है चकमा



**एंग्लर फिश** मुख्य रूप से अटलांटिक और अंटार्कटिक महासागरों के बहुत गहरे और ठंडे पानी में पाई जाती है। यह मछली समुद्र की सतह से लगभग 600 मीटर से लेकर 8,370 मीटर (27,500 फीट से अधिक) की गहराई में रहती है। एंग्लर फिश दुनिया के सबसे अंधेरे और गहरे समुद्री इलाकों में रहने वाली एक रहस्यमयी मछली है। गहरे समुद्र के अंधेरे में रहने वाली इस मछली के सिर पर एक चमकता हुआ टॉर्चनुमा अंग होता है। छोटी मछलियां जब इस रोशनी को भोजन समझकर पास आती हैं, तब एंग्लर फिश तुरंत उन्हें निगल लेती है। *

## फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाकर चुराता है खाना




**फोर्क-टेल्ड** ड्रोंगो पक्षी, मुख्य रूप से अफ्रीका में सहारा मरुस्थल के दक्षिण में पाया जाता है। यह पक्षी खुले घास के मैदानों, झाड़ियों और हल्के घने वनों में रहता है। यह पक्षी अपनी गहरी कटी हुई पूंछ और निडर स्वभाव के लिए जाना जाता है। फोर्क-टेल्ड ड्रोंगो दूसरे जानवरों, जैसे कि मीयरकैट्स के खतरे वाली आवाजों की नकल करता है। जब मीयरकैट्स अपना खाना जुटा लेते हैं, तो ड्रोंगो झूठा अलार्म बजाता है। डर के मारे मीयरकैट्स अपना खाना छोड़कर भाग जाते हैं और फिर ड्रोंगो उसे चुराकर अपना पेट भर लेता है। *

छोटी कहानी

एक ठग ने अपने तोते को बस एक शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। इस शब्द के जरिए ठग ने एक युवक को ऐसा मूर्ख बनाया कि बेचारा हजार अशर्फियां गंवा बैठा। पढ़ो, बहुत ही मजेदार कहानी।

# ठग का तोता



एआई इमेज

एक ठग के पास एक तोता था। उसने उसे सिर्फ एक ही शब्द बोलना सिखाया था-यकीनन। वह उस तोते के साथ एक गांव में आया। रात को उसने एक जगह एक छोटे से बक्से में सोने के सिक्के भरकर गाड़ दिए। अगले दिन वह फिर तोते के साथ वहां पहुंचा और उससे बातें करने लगा। उत्सुकतावश लोग वहां इकट्ठा होने लगे।

ठग ने तोते से पूछा, 'क्या तुम मुझे गड़े खजाने का पता बता सकते हो?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने रात वाली जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'अगर मैं वहां खोदूं तो क्या खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसने खुदाई की तो लोग देखकर हैरान रह गए कि वहां वाकई खजाना निकला। यह सब देखकर एक लालची युवक ने उस ठग से पूछा, 'क्या वह तोता बेचेगा?'

ठग बोला, 'हां, बेच सकता हूं, लेकिन एक हजार अशर्फियों से कम नहीं लूंगा।'

युवक ने तोते का इतना अधिक दाम सुनकर पूछा, 'इतना ज्यादा?'

ठग बोला, 'तुम तोते से पूछ लो।'

युवक ने तोते से पूछा, 'क्या तुम इस लायक हो कि तुम्हारे लिए एक हजार अशर्फियां दी जाएं?'

तोते ने झट से उत्तर दिया, 'यकीनन।' युवक ने उस तोते को खरीद लिया। एक हजार अशर्फियां लेकर ठग अपने रास्ते चला गया।

युवक ने घर आकर तोते से पूछा, 'मुझे कहां खजाना मिलेगा?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

उसकी समझ में कुछ नहीं आया तो उसने एक जगह की ओर इशारा करके पूछा, 'क्या वहां खोदने पर खजाना मिल सकता है?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

युवक ने खोदा तो वहां कुछ नहीं निकला। वह तोते के पास आया और बोला, 'तुमने झूठ क्यों बोला?'

तोता बोला, 'यकीनन।'

ऐसे ही हर सवाल का जवाब जब उसे एक ही शब्द 'यकीनन' में मिला तो वह झुंझलाकर बोला, 'मैं क्या बेवकूफ हूं, जो तुम्हें एक हजार अशर्फियों में खरीदा?'

तोता फिर से बोल पड़ा- यकीनन।

ठग की चालाकी और अपने लालच, बेवकूफी की वजह से वह युवक यकीनन मूर्ख बन चुका था। *

**प्रस्तुति: एफएमएन**

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# अप्रैल फूल

दिवस प्रथम अप्रैल आ गया
जब हंसता-सा भाई,
भालू जी ने नंदन-वन में
यह योजना बनाई!
गीदड़, लोमड़, शेर सभी को
संदेशा भिजवाया,
जंगल में मंगल करने को
समारोह रखवाया!
नियत जगह पर आ पहुंचे थे
बन-ठन प्राणी सारे,
मगर न कोई तैयारी थी
चकित हुए मन मारे!
देख सभी का सिर चकराया
चतुर लोमड़ी बोली,
आज प्रथम अप्रैल सुनो जी
मेरे सब हमजोली!
लौट के बुद्धू घर को आए
कहा-हो गई भूल,
एक साथ ही सभी जानवर
बने अप्रैल फूल!



एआई इमेज

## बूझो तो जानें



1. मैं पूरब से चलता हूं,
दिनभर आग उगलता हूं।
शाम ढले छिप जाता हूं,
रात में नहीं निकलता हूं।



2. न तन सुंदर न गोरी
छौंक में आऊं काम,
सब्जी-दाल में डाली जाऊं
बूझो मेरा नाम।

3. चार अक्षर का नाम है,
कटे पे आऊं काम।
रंग श्वेत होता मेरा,
अधिक न मेरा दाम।

-वसीम अहमद नगरामी

उत्तर: 1.सूरज, 2.हींग, 3.फिटकरी



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

रोहित का अपने दादा जी से रिश्ता एकदम दोस्त जैसा था। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब हंसी-मजाक करते थे। रोहित ने पहली अप्रैल को अपने दादा जी को अप्रैल फूल बनाने को सोची। लेकिन दादा जी ने ऐसा चकमा दिया कि रोहित खुद ही अप्रैल फूल बन गया।

# अप्रैल फूल बनाया!



इन दिनों रोहित बहुत खुश था। खुश इसलिए क्योंकि उसके दादा जी गांव से उसके पास यहां, रायपुर जो आए हुए थे। पांचवीं कक्षा की उसकी परीक्षाएं खत्म हो चुकी थीं। इन दिनों उसके स्कूल में छुट्टियां थीं। दादा जी और रोहित में उम्र का बहुत बड़ा फासला था लेकिन दोनों के बीच दोस्तों जैसा रिश्ता था। वे दोनों आपस में खूब हंसी-मजाक और चुहल करते रहते।

एक दिन रोहित के दिमाग में आया कि क्यों न दादा जी को पहली अप्रैल को अप्रैल फूल बनाया जाए। ऐसा करने के लिए वह कोई तरकीब सोचने लगा। थोड़ा सोचने पर उसे एक तरकीब सूझ गई।

दादा जी सुबह जल्दी उठ जाते थे, फिर नहा-धोकर तैयार होकर पार्क में सैर करने जाते थे। पार्क में सैर करने के लिए आने वाले अशोक जी से उनकी दोस्ती हो गई थी। वे दोनों हर रोज साथ में ही सैर किया करते थे। रोहित ने योजना बनाई कि पहली अप्रैल की सुबह दादा जी को कह देगा कि अशोक अंकल ने फोन पर बताया है कि आज वे पार्क में नहीं जाएंगे, बल्कि दादा जी से मिलने घर आएंगे। रोहित ने सोचा कि ऐसा कहने पर दादा जी सैर करने नहीं जाएंगे और अशोक अंकल का इंतजार करते हुए घर में ही रहेंगे। इस तरह दादा जी अप्रैल फूल बन जाएंगे।

दादा जी रोहित के कमरे में ही सोते थे। इकतीस मार्च की रात को सोने से पहले रोहित ने दादा जी के मोबाइल फोन पर सुबह पांच बजे का अलार्म लगा दिया ताकि वह पहली अप्रैल की सुबह दादा जी से अशोक अंकल वाली बात कह सके। अगली सुबह अलार्म बजने पर रोहित की नींद खुली तो उसने देखा कि दादा जी अभी सो रहे हैं। वह दादा जी के जागने का इंतजार करने लगा। कुछ देर बाद जैसे ही दादा जी जागे, रोहित ने अशोक जी के आज सुबह घर में आने की बात उन्हें बता दी। सुनकर दादा जी ने पूछा, 'तुम्हें यह कैसे पता है?' रोहित ने बताया, 'दादा जी, कल रात को अशोक अंकल ने लैंडलाइन फोन पर कॉल कर सूचित किया था। आपके मोबाइल फोन पर उनकी बात हो नहीं पा रही थी। यह सब कल रात को आपको बताना मैं भूल गया था।'

'तो ठीक है, मैं आज पार्क नहीं जाता। अशोक जी के आने से पहले नहा-धोकर तैयार हो जाता हूं।' कहकर दादा जी कमरे से निकल कर आंगन में बने बाथरूम में चले गए। रोहित को लगा कि उसकी योजना सफल हो रही है। वह निश्चिंत होकर बिस्तर में लेट गया। कुछ ही देर में उसे नींद आ गई।

थोड़ी देर बाद उसकी नींद खुली तो वह उठकर आंगन में गया। उसने देखा कि दादा जी का तौलिया आंगन में लगी रस्सी पर नहीं है और बाथरूम का दरवाजा बंद है। वह समझ गया कि दादा जी बाथरूम में नहा रहे हैं। रोहित आंगन में एक कुर्सी पर बैठ कर दादा जी के बाथरूम से बाहर आने का इंतजार करने लगा ताकि उन्हें देखते ही 'अप्रैल फूल बनाया!' कह सके, मगर बहुत वक्त बीत जाने पर भी दादा जी बाहर नहीं आए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि आज दादा जी इतनी देर तक क्यों नहा रहे हैं? आखिर उससे रहा न गया और वह मम्मी-पापा के कमरे की तरफ चल पड़ा। कमरे में पापा कुर्सी पर बैठे अखबार पढ़ रहे थे। वह पापा से दादा जी के बारे में बात करना ही चाहता था कि तभी दरवाजे की घंटी बजी। पापा उठकर दरवाजा खोलने गए तो वह उनके साथ हो लिया। पापा ने दरवाजा खोला तो सामने दादा जी खड़े थे। 'पिता जी, आ गए आप सैर करके?' पापा ने दादा जी से पूछा। 'हां, बेटा।' कहते हुए दादा जी घर के अंदर आ गए। रोहित को हैरानी हो रही थी कि दादा जी बाहर से कैसे आ रहे हैं। उसके हिसाब से तो दादा जी को बाथरूम में होना चाहिए था। उसने हैरानी से दादा जी की ओर देखा, वह हंसते हुए बोले, 'अप्रैल फूल बनाया..!' 'पर दादा जी, आप तो बाथरूम में थे न!' रोहित में हैरानी से पूछा। 'बेटा, बाथरूम में कोई नहीं था। बस यह जताने के लिए कि मैं बाथरूम के अंदर हूं, नहाने के बाद मैंने अपना तौलिया बाथरूम के अंदर ही रहने दिया था, आंगन में रस्सी पर नहीं फैलाया था और बाथरूम का दरवाजा बंद करके सैर करने चला गया था। जाने से पहले तुम्हारे मम्मी-पापा को सारी बात मैंने बता दी थी। तुम मुझे अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में हो, इस बात का अंदाजा मुझे तभी हो गया था, जब कल रात तुमने मेरे फोन में सुबह पांच बजे का अलार्म लगाया था। तुम तो सुबह इतनी जल्दी कभी उठते नहीं हो और सुबह उठने के लिए मुझे अलार्म की जरूरत होती ही नहीं। आज सुबह अलार्म बजने से पहले ही मेरी नींद खुल चुकी थी और मैं सोने का नाटक कर रहा था। एक बात और सुन लो, अशोक जी तो इन दिनों रायपुर में हैं ही नहीं। वे तो किसी काम से भोपाल गए हैं।' दादा जी मुस्कुराते हुए सारी बात बता रहे थे और रोहित सुन रहा था। दादा जी को अप्रैल फूल बनाने के चक्कर में खुद वही अप्रैल फूल बन गया था। *

तुम्हारे लिए किताब / समीर गांगुली

# आओ, नाटक खेलें

बच्चो, पिछले दिनों एक अच्छी किताब पढ़ी। जिसे पढ़कर लगा कि इसके बारे में तुम लोगों को जरूर बताना चाहिए। यह किताब नाटक की है, लेकिन इसमें कोई नाटक नहीं है, बल्कि इस बारे में है कि तुम लोग कैसे नाटक बना कर उसे खेल सकते हो?




उमा आनंद लिखित 'आओ, नाटक खेलें' नाम की यह किताब पहली बार 1971 में प्रकाशित हुई थी। अब तक इसकी चौंतीस आवृत्तियां आ चुकी हैं, जो बताती है कि यह किताब कितनी लोकप्रिय है। इसमें कहानी-कहानी में रोचक तरीके से और एक पेशेवर नाटक निर्देशक के जरिए नाटक के सभी अंगों जैसे-पात्र, परिवेश, रंगमंच व्यवस्था, वस्त्र-सज्जा, सामग्री व्यवस्था, रिहर्सल, दर्शकों तक पहुंचने और नाटक के चयन की जानकारी दी गई है। बच्चो, तुम जब इस किताब को पढ़ोगे तो पता चल जाएगा कि कोई नाटक कैसे तैयार होता है? फिर इस कहानी के पात्र दीपक, डीडो, पारो और टप्पो की तरह तुम भी अपनी कॉलोनी या स्कूल में कोई नाटक खेल सकते हो। नाटक की अपने तरह की इस अनूठी किताब को पढ़कर तुम्हें भी लगेगा 'वाह! यह किताब कितनी अच्छी है। नाटक के बारे में बहुत सरल और रोचक ढंग से जानकारी देती है।' तो तुम भी यह रोचक किताब मंगवाकर पढ़ो। नाटक से संबंधित बारीकियां सीखो, खुद नाटक खेलो और वाहवाही पाओ। *

**किताब**: आओ, नाटक खेलें, **लेखक**: उमा आनंद,
**अनुवादक**: बलराज पंडित, **मूल्य**: 55 रुपए,
**प्रकाशक**: नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत

## जीके क्विज-198

1. वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट 2026 में किस देश को पहला स्थान दिया गया है?
2. साहित्य अकादमी पुरस्कार 2025 (हिंदी भाषा के लिए) किन्हें प्रदान किया जाएगा?
3. विश्व स्वास्थ्य दिवस कब मनाया जाता है?
4. हाल में नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
5. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर कौन थे?
6. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
7. दिसपुर किस राज्य की राजधानी है?
8. अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
9. एक वयस्क मनुष्य में सामान्यत: कितने दांत पाए जाते हैं?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा देश कौन-सा है?



बच्चो, जीके क्विज-198 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-197 का उत्तर:** 1.चंडीगढ़, 2.यूएसए, मैक्सिको, कनाडा, 3.असम, 4.मयंक चक्रवती, 5.महात्मा गांधी, 6.एम.एस. स्वामीनाथन, 7. 27 मार्च, 8.ऑक्सीजन, 9.अलेक्जेंडर फ्लेमिंग, 10.महाराष्ट्र

**जीके क्विज-197 का सही उत्तर देने वाले:** अनुभव-राजनांदगांव, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कविता-रायपुर, कुसुम-दुर्ग, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, संकेत-बालोद, अंकित-रायगढ़, सूरज-महेंद्रगढ़, प्रिया-दिल्ली, जतिन-कांकेर, सुमन-दुर्ग

## रंग भरो-198

**रंग भरो-198** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





ईशानी, बिलासपुर




प्रत्यूषा, राजनांदगांव
प्रणीका, बिलासपुर
आदित्य, खैरागढ़
शिफा, महासमुंद
समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, प्रभु-कोरबा, प्रगति-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, हिमांशु-राजनांदगांव, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सर्वेश-कोरबा, कुसुम-बलौदा बाजार

## रंग भरो 199



बच्चो, यहां अप्रैल फूल-डे से रिलेटेड प्रैंक-ट्वॉय का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### सुंदरकाण्ड पाठ व रामकथा का आयोजन

**सोनीपत।** श्री राम परिवार, सोनीपत द्वारा बृहस्पतिवार को श्री सनातन धर्म सभा पंजीकृत गीता भवन मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति का आनंद लिया।

संस्था प्रमुख ओमप्रकाश अरोड़ा ने रामचरित मानस के बालकांड का उल्लेख करते हुए बताया कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र में राजा दशरथ के घर भगवान राम का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने भगवान के बाल रूप, अयोध्या में खुशी और देवताओं द्वारा की गई स्तुति का सुंदर वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि रामनवमी का पर्व भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। पवन सहगल, श्याम रहेजा, राकेश बहल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### माता रानी को रथ पर सवार बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों के साथ मंदिर में लाकर की स्थापना

# नवरात्र उत्सव : महाआरती के बाद अपने भवन में विराजमान हुई चिटाने वाली माता

- चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर किया मां महागौरी का पूजन, मंदिरों व घरों में कंजक पूजन कर कराया भोजन, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
- कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में अष्टमी पूजन व महाआरती के साथ मेला संपन्न, निकाली गई रथयात्रा



**सोनीपत।** रामलीला मैदान में श्रीदेवी चिटाने वाली माता की महाआरती करते श्रद्धालु, शिव शक्ति धाम में कन्या पूजन करती महामंडलेश्वर अंजनी देवा महाराज तथा श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में माता की कढ़ाई के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद देते प्रबंधन समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

चैत्र नवरात्र उत्सव की अष्टमी तिथि पर वीरवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना कर कंजकों को भोजन कराया गया। मंदिरों व घरों में श्रद्धालुओं ने कंजकों को भोजन कराकर मां महागौरी से सुख-समृद्धि, धन-धान्य व वैभव की कामना की। श्रद्धालुओं ने सुबह कंजकों के पैर धोकर उन्हें आसन ग्रहण करवाया। इसके बाद कंजकों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। भोजन उपरांत सभी कंजकों को श्रद्धा अनुसार उपहार दिए गए। वहीं नंदवानी नगर स्थित शिव शक्ति धाम में महामंडलेश्वर अंजनी देवा महाराज ने भी कन्या पूजन पर उन्हें भोजन कराया। श्रीदेवी चिटाना वाली माता मंदिर समिति की ओर से कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में लगाया गया मेला अष्टमी पर महाआरती के साथ संपन्न किया गया। सुबह मेले के समापन पर रामलीला मैदान से बैंड-बाजों व ढोल-नगाड़ों के साथ रथयात्रा निकाली गई। माता रानी को रथ पर विराजमान कर नगर परिक्रमा के बाद पुराना बाजार स्थित सिद्धपीठ श्री चिटाने वाली माता मंदिर में लाया गया। यहां उन्हें भवन में विराजमान किया गया। श्रद्धालुओं ने शहर में पुष्प वर्षा व जयकारों के साथ माता रानी का स्वागत कर पूजा-अर्चना की। विधायक निखिल मदान, मोहनलाल बड़ौली के पुत्र, ललित बत्रा, योगेश पाल अरोड़ा, पुनीत दहिया, निवर्तमान पार्षद हरिप्रकाश सैनी ने माता रानी की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। यात्रा के दौरान प्रधान महेश गोयल, पंडित अमित शौनक, नरेश गोयल, अशोक गोयल, तरुण, विक्रांत गुप्ता, कप्तान चिट्टाना, राजू चिट्टाना, वेद कुच्छल, प्रवीण कुच्छल ने व्यवस्था को संभाला। गांव चिटाना स्थित श्री देवी चिटाने वाली माता मंदिर सिद्धपीठ में वीरवार को अष्टमी का मेला लगाया गया। मेले में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन व पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद माता के तालाब से 7 बार मिट्टी निकालकर अपनी मन्नतें मांगी। मंदिर परिसर में दूसरे दिन भी हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने परंपरा अनुसार माता रानी का पूजन किया। मंदिर प्रबंधन समिति ने मेले में चलते मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्थाएं की गई।

#### श्री चंडी मां महाकाली सिद्धपीठ में किया कन्या पूजन

अष्टमी पर श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ में मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर विशेष आरती व अनुष्ठान किए गए। मंदिर प्रबंधन समिति ने माता की कढ़ाई कर कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया। कार्यक्रम में आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पूजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में निवर्तमान मेयर राजीव जैन, अजय गर्ग, बबलू, दिनेश कुच्छल, राजेश गुप्ता, संजीव अग्रवाल, राकेश बिंदल ने पूजन की शुरुआत की। समिति के प्रधान सेवक देवेंद्र कुच्छल, प्रवीण कुच्छल, नरेश शर्मा, अशोक गर्ग, प्रमोद गुप्ता, सचिन कुच्छल, अंकुश दीपक गुप्ता, शुभम गोयल, मनोज गर्ग, पवन जिंदल, नरेंद्र राठौड़, प्रमोद गोयल मौजूद रहे।



**गोहाना।** मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

## मेला : मां भीमेश्वरी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

चैत्र नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर शहर के देवी नगर स्थित माता भीमेश्वरी मंदिर में गुरुवार को भव्य मेला लगा। तडक़े चार बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया और दिन चढऩे के साथ ही भीड़ लगातार बढ़ती गई। गोहाना के अलावा आसपास के गांवों, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से भी हजारों श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां से सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में जय माता दी के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। कई श्रद्धालु अपने घरों से पैदल चलकर मंदिर पहुंचे, जिससे उनकी आस्था का विशेष उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर के अंदर और बाहर पुलिस बल तैनात रहा। मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए। श्रद्धालुओं ने सुबह घरों में प्रसाद के रूप में हलवा, पूरी, खीर व सब्जी तैयार की। इसके बाद कंजक पूजन कर ब्राह्मणों को भोजन कराया गया और फिर मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पहले माता भीमेश्वरी मंदिर में पूजा की और निकट स्थित माता काली मंदिर में भी मत्था टेका।

#### बेरी से लाए थे अखंड ज्योत

माता भीमेश्वरी के प्रति क्षेत्र के लोगों में गहरी आस्था है। हर वर्ष नवरात्र के दौरान यहां भव्य मेला आयोजित होता है। बताया जाता है कि स्वर्गीय प्रभुदयाल वर्मा कई वर्ष पहले झज्जर के बेरी स्थित माता भीमेश्वरी मंदिर से अखंड ज्योत लेकर आए थे, जिसके बाद देवी नगर में इस मंदिर का निर्माण कराया गया। तब से यहां अखंड ज्योत निरंतर प्रज्वलित है। मेले में संदीप सोनी, सुनील वर्मा, पवन सोनी व संदीप सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सेवाएं दी।

# एनएसएस स्पेशल-डे नाइट कैंप में स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

- छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य।

छोटू राम आर्य महाविद्यालय सोनीपत में एनएसएस स्पेशल डे-नाइट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा व सहयोग की भावना बढ़ाना रहा। छोटू राम आर्य महाविद्यालय में सात दिवसीय डे - नाइट कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डॉ जेएस फोर द्वारा किया गया। शुरुआत ईश वंदना के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों से की। सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर सभी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के सांय-कालीन सत्र में महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी व राज्य स्तरीय एनएसएस अवॉर्डी डॉ. उषा दहिया ने अपने वक्तव के माध्यम से सभी स्वयं सेवकों को एनएसएस का उद्देश्य व उसकी समाज सहयोग विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने बताया कि हम किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयास से अच्छे समाज का निर्माण कर सकते हैं और समाज में आपसी सहयोग की भावना को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के दूसरी यूनिट के संयोजक डॉ. अभिमन्यू व सभी एनएसएस मेंबर उपस्थित रहे।

# गोहाना के विकास में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी रैली : सहकारिता मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

- कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने नई सब्जी मंडी में रैली स्थल का निरीक्षण किया



**गोहाना।** रैली स्थल का निरीक्षण करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

गोहाना विधानसभा क्षेत्र में 29 मार्च को आयोजित होने वाली धन्यवाद एवं विकास रैली को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में सहकारिता मंत्री एवं रैली संयोजक डॉ. अरविंद शर्मा ने नई सब्जी मंडी पहुंचकर रैली स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद मंत्री गांव गढ़ी उजाले खां में ग्रामीणों से जनसंवाद किया। मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना की जागरूक और मेहनती जनता ने भाजपा को लगातार तीसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने का अवसर दिया है। प्रदेश की जनता के विश्वास और समर्थन के चलते ही नायब सिंह सैनी को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह रैली गोहाना के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी गोहाना को विकास की नई सौगात देंगे। रैली स्थल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि रैली की सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं और किसी भी प्रकार की कमी न रहे। गांव गढ़ी उजाले खां में मंत्री ने सरपंच सुंदर सैनी के निवास पर ग्रामीणों से संवाद किया और ग्रामीणों से रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।

## न्यूज डायरी



### खरखौदा: लोक गायकों को नकद राशि तथा विशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

**खरखौदा।** जिले सिंह गोवंश उपचार चैरिटेबल हॉस्पिटल सोसाइटी द्वारा गुरुवार को हवन-यज्ञ, भंडारा व द्वितीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इस अवसर पर सोसाइटी प्रबंधन से सम्बद्ध जयकरण दहिया ने बताया कि गोवंश की सेवा व उपचार के कार्यों को देखते हुए हरियाणा सरकार ने सोसाइटी को नया वाहन प्रदान किया है, जो घायल व बीमार पशुओं को उपचार केंद्र तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा।


कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायक अमित रोहणा, पवन कुमार, कृष्ण दहिया, नरेंद्र भैंसवाल, अमित मलिक द्वारा धार्मिक रागनी व भजन में प्रस्तुत किए गए। सोसाइटी की तरफ से लोक गायकों को नकद राशि तथा विशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्वामी सोहम, मास्टर महेंद्र, सुखबीर दहिया, कृष्ण दहिया, हरविंद्र टोनी, नवीन राणा आदि मौजूद रहे ।

### महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक मुद्दों पर जताई चिंता



**सोनीपत।** सेंटर फॉर प्रोटेक्शन ऑफ डेमोक्रेटिक राइट्स एंड सेक्युलरिज्म (सीपीडीआरएस) की एक महत्वपूर्ण सभा छोटू राम धर्मशाला में आयोजित की गई। सभा की अध्यक्षता हरियाणा संयोजक ईश्वर सिंह राठी ने की, जबकि संचालन जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय महासचिव प्रो. कुंचे श्रीधर ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक अधिकारों और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सभा में प्राण शर्मा, कपिल देव, ब्रह्म सिंह दहिया, संजय कुमार और वजीर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने पर जोर दिया। प्रो. श्रीधर ने शाहजहांपुर में शहीदों की मूर्तियां तोड़े जाने की निंदा करते हुए उन्हें दोबारा स्थापित करने की मांग की। सभा में महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसे मुद्दों पर भी चिंता जताई गई। अंत में एक प्रस्ताव पारित कर लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और समाज में सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

### सफाई कर्मचारियों का धरना दसवें दिन भी जारी



**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच यूनियन का धरना गुरुवार को दसवें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन कोषाध्यक्ष विजय तोमर ने किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 24 मई 2018 को हरियाणा सरकार द्वारा जारी पत्र में सभी सफाई कर्मचारियों को निगम के रोल पर लेने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक सोनीपत में किसी भी कर्मचारी को इसका लाभ नहीं मिला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उन्हें निगम के रोल पर नहीं लिया जाता, तब तक यह हड़ताल इसी तरह जारी रहेगी। इसके साथ ही कर्मचारियों ने पहले हटाए गए साथियों को दोबारा नौकरी पर बहाल करने की भी मांग उठाई।

# विधायक ने यूपीएससी में चयनित आशीष को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



**सोनीपत।** आशीष को शुभकामनाएं देते विधायक निखिल मदान साथ में अन्य।

विधायक निखिल मदान ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 592वां रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्र आशीष के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। आशीष, हरियाणा पुलिस में कार्यरत सब-इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के सुपुत्र हैं। सैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अपने समाज के होनहार रत्न आशीष की इस ऐतिहासिक सफलता पर खुशी व्यक्त की और उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि आशीष ने लिटिल एंजेल स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अपनी मेहनत के दम पर जो मुकाम हासिल किया है, वह पूरे समाज के युवाओं के लिए मिसाल है। विधायक निखिल मदान ने भी सैन समाज की इस प्रतिभा की सराहना करते परिवार को बधाई दी। कहा कि आशीष की सफलता न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे सैन समाज और सोनीपत के लिए गर्व का विषय है। एक पुलिस अधिकारी के बेटे का देश की सर्वोच्च सेवा में चयन होना मेहनत और ईमानदारी की जीत है।

### धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए महत्वपूर्ण : तरुण

**सोनीपत।** श्रीराम मंदिर में राम नवमी के पावन अवसर पर 77वां श्रीराम नवमी महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी के मंगलमय उद्घोष के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रातः एवं सायंकालीन सत्रों में रामलला के नाम भजन, संकीर्तन, रामचरितमानस पाठ एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री तरुण देवीदास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा, सत्य और धर्म का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और आदर्श जीवन मूल्यों के प्रतीक हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को राम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### अखंड भारत के निर्माता थे सम्राट अशोक : आजाद

**गोहाना।** गुरुवार को चक्रवर्ती सम्राट अशोक को उनकी जयंती पर याद किया गया। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह गांव गढ़ी सराय नामदार खां की अंबेडकर चौपाल में आयोजित किया गया। हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में नागरिकों ने सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि आजाद हिंद देश भक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा चक्रवर्ती सम्राट अशोक इतिहास के महान परोपकारी एवं अखंड भारत के निर्माता थे। उनका साम्राज्य आज का संपूर्ण भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान एवं म्यांमार के अधिकांश भू-भाग पर था। सम्राट अशोक ने अपने कुशल प्रशासन, बौद्ध धर्म के प्रचार- प्रसार और धम्म नीति के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की साथ ही उनके शिलालेखों और स्तम्भों ने भी उन्हें अमर बना दिया। जयंती समारोह की अध्यक्षता समिति के प्रदेश महासचिव रोहतास अहलावत ने की। उन्होंने कहा सम्राट अशोक अपने पूरे जीवन में एक भी युद्ध नहीं हारे थे।



### वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

**गोहाना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना की गांव बरोदा स्थित शिशुवाटिका-2 में गुरुवार को मेधावी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शिशुवाटिका के वार्षिक परीक्षाओं में अच्छे अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। शिशुवाटिका की अरुण कक्षा में रिजुल, ध्रुव, कषा, शानवी, अवनी, इनाया, माहिर, दिविषा एवं पार्थ प्रथम, रेहान, पीहू एवं अभिजीत द्वितीय जबकि यक्षित, दैविक, मिताग, मन्नत, अनिकेत एवं शिवेन तृतीय स्थान पर रहे। उदय कक्षा से प्रथम दक्ष, द्वितीय पार्थ तथा तृतीय दिव्य रहे। प्रभात कक्षा से प्रथम तनिश, द्वितीय यक्षित एवं तृतीय मोक्ष रहे। पहली कक्षा से प्रथम अवनी, द्वितीय कुंज एवं तृतीय साध्वी ने स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राज रेहलन व प्राचार्य अश्वनी कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**चुलकाना धाम में टेका मत्था :** गीता विद्या मंदिर के शिक्षकों का दल प्राचार्य अश्विनी कुमार के नेतृत्व में चुलकाना धाम पहुंचा। शिक्षकों ने धाम में मत्था टेका और पूजा-अर्चना करके अपने परिवार व समाज में सुख-समृद्धि व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### राम नवमी शोभा यात्राओं और मां भगवती के जागरण में पहुंचे विधायक

# भगवान राम का जीवन समस्त समाज के लिए आदर्श : मदान

- सभी शहरवासियों को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



**सोनीपत।** चिटाना वाली माता मंदिर की शोभायात्रा में शामिल विधायक निखिल मदान एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

वीरवार को राम नवमी और दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया। विधायक निखिल मदान ने श्री राम मंदिर अग्रवाल सेवा समिति, गुड़ मंडी, श्री रघुबीर हनुमंत सेना, मॉडल टाऊन,द्वारा निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी शहरवासियों को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। यह शोभायात्रा राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण से शुरू होकर गुड मंडी, काठ मंडी, मिशन रोड, रोहतक रोड से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला पहुंच कर संपन्न हुई। साथ ही मर्यादा पुरूषोतम राम मंदिर, जीवन विहार मुरथल रोड में सुंदर कांड पाठ में, सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर फ़ैज़ बाज़ार में राम कथा, राम मंदिर मोहल्ला कोट, शिव मंदिर तारा नगर में आयोजित भव्य शोभायात्रा, रेलवे स्टेशन पर आयोजित भंडारों में भी हिस्सा लिया। साथ ही चिट्टाने वाली माता मंदिर द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भी शामिल होकर शहरवासियों को शुभकामनाएं दी।

विधायक निखिल मदान ने कहा कि आज हमें मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि विधायक निखिल मदान को स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व विधायक निखिल मदान ने चार मरला हनुमान मंदिर में बाल महावीर दल द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालुओं को राम नवमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही गत रात्रि मिशन चौक पर मां भवानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित चौथे विशाल जागरण में बतौर मुख्यातिथि ज्योति प्रज्वलित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद सुरेंद्र नैयर, लक्ष्मी नारायण तनेजा, देवेंद्र सैनी, अतुल जैन, जितेंद्र कामरा, महेश गोयल, अमित शौनक, भारत सिंह दुआ, मुकेश जैन, नरेंद्र भूटानी, प्रवीन वर्मा, कुलदीप वत्स, शुभम शर्मा, अर्पित, साहिल, सुमित बत्रा, रवि शर्मा, संजय वालेचा, विपिन नंदा, गौरव कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।



### सभी सामाजिक बुराइयों से दूर रहें : राजीव जैन

**सोनीपत।** नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा है कि रामनवमी, होली, दिवाली, दुर्गापूजा, कृष्ण जन्माष्टमी समेत सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का सन्देश देते हैं, इसलिए मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। ऋषि मुनियों ने भी हमेशा धर्म, सत्य और ज्ञान को अपना आधार बनाया।

राजीव जैन ने शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर मोहल्ला कोट राम मंदिर, जीवन विहार एक्सटेंशन में राम मंदिर, मोहल्ला कलां, मंदिर तारा नगर, वेस्ट राम नगर, कालूपुर, रेलवे रोड, काली माता मंदिर कामी रोड में पूजा अर्चना तथा श्रीराम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला से शोभा यात्राओं को झंडी दिखाने के बाद श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति में धर्म, सत्य, शौर्य, शील, संयम, विनम्रता के गुणों के साथ सदाचरण के मार्ग पर चलने और कर्तव्य निर्वहन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज अद्भुत संयोग है कि दुर्गा अष्टमी एवं राम नवमी का महोत्सव एक ही दिन मना रहे हैं। जैन ने कहा कि दुर्गा अष्टमी के अवसर पर यह संकल्प लेना चाहिए कि सामाजिक बुराइयों विशेषकर भ्रूण हत्या से दूर रहेंगे, अन्यथा दुर्गा अष्टमी के दिन पूजन के लिए कन्या ढूंढ़नी मुश्किल हो जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### नवज्योति शिक्षा सदन में रक्तदान शिविर कल

**गन्नौर।** नवज्योति शिक्षा सदन भांवर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर के सहयोग से आयोजित होगा। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने बताया कि विद्यालय द्वारा पूर्व में गांव-गांव में हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसे अभिभावकों ने सराहा। अब रक्तदान शिविर में शिक्षकगण, अभिभावक व क्षेत्र के नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की।

### कैहल्पा गांव में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठ समारोह आज

**गोहाना।** गांव कैहल्पा स्थित शिव मंदिर में 27 मार्च को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। समारोह का शुभारंभ प्रातः 8:15 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद प्रातः 10:15 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और 11:15 बजे हवन होगा। दोपहर 12:15 बजे मंदिर में भंडारा शुरू होगा और रात्रि 8:15 बजे जागरण करवाया जाएगा। मूर्ति-प्राण प्रतिष्ठा समारोह शिव मंदिर सेवा समिति व ग्रामीणों द्वारा शिव मंदिर परिसर में 22 मार्च से मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया जा रहा है। 27 मार्च को मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रतिष्ठित की जाएंगी। मुख्य अतिथि समाजसेवी आजाद सिंह नरवाल और विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति कथूरा के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप मलिक व समाजसेवी कृष्ण लाल आनंद होंगे।

### स्कूल संचालक लगवा रहे निजी प्रकाशकों की किताबें, कुछ एनसीईआरटी की किताबों का अलग खर्च


# नया शैक्षणिक सत्र जल्द शुरू, महंगी किताबें अभिभावकों की जेब पर डाल रही डाका

*पिछले साल के अपेक्षा करीब 10 प्रतिशत बढ़े किताबों के दाम, खरीदारी को लेकर अभिभावकों की दौड़ धूप शुरू निजी स्कूलों के हस्तक्षेप से बाहर चल रही दुकानें, पुस्तक विक्रेताओं को भी कमीशन का लालच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ अभिभावकों को किताबों के बदले महंगे बिल थमाए जा रहे

जिले में 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने जा रहा है। ऐसे में मिशन एडमिशन के तहत अधिकतर निजी स्कूलों ने महंगी किताबों से अभिभावकों की जेब पर डाका डालने की तैयारी शुरू कर दी है। स्कूलों की ओर से अभिभावकों को किताबें व स्टेशनरी खरीदने के लिए दुकानदारों के पास भेजा जा रहा है। इन दुकानों पर अभिभावकों को किताबों के बदले महंगे बिल थमाए जा रहे हैं। कनिष्ठ वर्ग से लेकर वरिष्ठ वर्ग की कक्षा तक अलग-अलग रेट तय किए गए हैं। जहां कनिष्ठ वर्ग की कक्षा के किताबों के सेट 3500 रुपये तक मिल रहे हैं, वहीं वरिष्ठ वर्ग की कक्षा के करीब 5000 रुपये तक किताबों के सेट मिल रहे हैं। शहर में कई जगह निजी स्कूलों की ओर से पुस्तक विक्रेताओं के साथ अनुबंध कर किताबों की बिक्री का काम शुरू कर दिया गया है। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर आमतौर पर हर अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की चाह में उन्हें बेहतर निजी स्कूल में दाखिला करने की सोच करने लगते हैं। सभी निजी व सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) पाठ्यक्रम की पुस्तकें पढ़ाना ही अनिवार्य है, लेकिन सख्ती के बावजूद कुछ निजी स्कूल संचालक कई एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम की किताबों के साथ निजी प्रकाशकों की किताबें भी लगवा रहे हैं। इनकी बिक्री व कमीशन के लालच में खासकर स्कूलों ने अलग-अलग दुकानों का चयन भी किया है। वहीं पिछले साल के अपेक्षा इस वर्ष प्राथमिक कक्षाओं की किताबों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी नजर आ रही है। किताबों की खरीद को लेकर अभिभावकों की दौड़ धूप शुरू हो गई है। कई दुकानदार इसका पूरा फायदा उठा रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों की जेब ढीली होने लगी हैं। ऐसे में कुछ निजी स्कूलों में अलग-अलग प्रकाशकों की किताबें लगती हैं, इसलिए उन प्रकाशकों की किताब अनुसार रेट भी अलग तय किए जाते हैं। स्कूलों के आदेश के अनुसार अभिभावकों को भी तय दुकानों से ही निजी प्रकाशकों का पाठ्यक्रम खरीदना पड़ता है, जो एनसीईआरटी की अपेक्षा करीब 8 से 9 प्रतिशत महंगा है।





**सोनीपत।** निजी स्कूल की कक्षा दूसरी की किताबों की लिस्ट, दुकान के बाहर लिस्ट अनुसार निजी प्रकाशकों की पुस्तकों का मिलान करते अभिभावक।

#### नियम लागू, पर शिकायत और कार्रवाई कौन करे

जिला छात्र-अभिभावक संघ के प्रधान विमल किशोर ने बताया कि इनमें किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है कि सरकार व न्यायालय ने बच्चों को शिक्षित करने के लिए नियम बनाए हैं। मांग है कि यदि कोई निजी स्कूल अभिभावकों पर निजी प्रकाशकों की किताबें थोपता है या किसी एक दुकान से खरीदने के लिए बाध्य करता है, तो उसे कारण बताओ नोटिस जारी जाए।

#### स्कूल संचालक थमा रहे चयनित दुकानों के विजिटिंग कार्ड

मॉडल टाउन स्थित एक दुकान पर बच्चों के साथ पुस्तक लेने आए अभिभावक नरेश कुमार, मोहन व प्रमोद ने बताया कि कई निजी स्कूलों में बच्चों को एनसीईआरटी के बजाय निजी प्रकाशन की पुस्तकें पढ़ाई जाती हैं। यह पुस्तकें एनसीईआरटी की अपेक्षा ज्यादा महंगी होती हैं। स्कूल संचालकों का कहना है कि ये पुस्तकें बच्चों के लिए फायदेमंद होती हैं। वहीं एनसीईआरटी की पाठ्यक्रम रिसर्च व बच्चों के मनोस्थिति व भविष्य को देखते हुए तैयार किया जाता है। उन्होंने शहर के एक नामी निजी स्कूल में बच्चों का दाखिला करवाया है। इनमें अलग-अलग कक्षाओं की किताबों के सेट 3200 से 4630 रुपये में मिल रहे हैं। इनमें एनसीईआरटी की कुछ किताबें अलग से खरीदनी पड़ रही हैं। वहीं अभी वर्दी व स्टेशनरी के लिए अलग-अलग दुकानों के विजिटिंग कार्ड दिए गए हैं।


#### स्कूलों से दुकानें बंद करवाई, तो दुकानदारों से की सेटिंग

संघ के प्रधान विमश किशोर ने बताया कि प्रशासन ने महंगी किताबों पर संज्ञान लेते हुए जब निजी स्कूलों में हर संचालित दुकानों को बंद करवाया, तो अब बाहर दुकानदारों से सेटिंग कर ली गई है। ऐसे में अभिभावकों को एकजुट होकर प्रशासन व जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत देनी चाहिए। इसके अलावा स्कूल का नाम, किताबों का विवरण, उनकी रसीद के साथ सीएम विंडो, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। अधिकारियों को भी मामले में उचित कदम उठाने चाहिए।

#### विभाग जल्द करेगा जांच टीम का गठन

सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकें पढ़ाना अनिवार्य है। स्कूलों की ओर से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें बेचने की कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि ऐसी कोई शिकायत आती है, तो अवश्य कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा जिला शिक्षा विभाग की ओर से जल्द टीमों का गठन किया जाएगा। यह टीमें सोमवार से निजी स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करेंगी।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत



**सोनीपत।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष साथ में अन्य कांग्रेसी एवं निवर्तमान मेयर।

## राम के आदर्शों पर चलकर ही बनेगा सशक्त और समरस समाज : कमल

■ रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, कोट मोहल्ला से रोहतक रोड तक पुष्प वर्षा के बीच निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रामनवमी पर शहर पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। शहर के विभिन्न हिस्सों में आयोजित भव्य शोभायात्राओं और धार्मिक समारोहों ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। इन कार्यक्रमों में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ज्योति प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया और भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया।

कमल दिवान ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन केवल एक गाथा नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और अटूट मर्यादा का जीवंत प्रतीक है। आज जब पूरा देश राममय है, तो हमें केवल उत्सव नहीं मनाना चाहिए, बल्कि उनके गुणों को अपने आचरण में भी ढालना चाहिए। प्रभु राम के दिखाए सत्य और न्याय के मार्ग पर चलकर ही हम एक ऐसे सशक्त और समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं, जहां ऊंच-नीच का कोई स्थान न हो। कमल दिवान ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिकता के दौर में अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने अपील की कि युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध संस्कृति और उच्च संस्कारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे।

#### कोट मोहल्ला से भव्य शोभायात्रा निकली

शोभायात्रा का भव्य आगाज शहर के ऐतिहासिक कोट मोहल्ला से हुआ। यहां से शुरू होकर यात्रा मुरथल रोड स्थित जीवन विहार और फिर रोहतक रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला जैसे प्रमुख क्षेत्रों से गुजरी। पूरी राह में श्रद्धालुओं ने 'जय श्रीराम' के उद्घोष से आसमान गुंजा दिया। जगह-जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा की गई और प्रभु के स्वरूपों की आरती उतारकर भव्य स्वागत किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) संजीव दहिया ने भी शिरकत की और क्षेत्रवासियों को रामनवमी की मंगलकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला महासचिव राजेश सेवली, सचिव अंकित मेहता और पूर्व प्रधान लीलू ककरोई अशोक शर्मा सहित कई वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजकों ने कमल दिवान व अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पटका भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

## प्रणामी मंदिर वाली गली में जलभराव से मिलेगी मुक्ति, 28 लाख लागत से बनाया जाएगा नाला

■ विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़कर किया शिलान्यास, पार्षद और वार्ड वासियों ने फूलमालाओं से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के वार्ड-6 स्थित प्रणामी मंदिर के पास रहने वाले लोगों को जल्द ही जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात दिलाने के लिए मंदिर के साथ लगती गली, जो सीधे रेलवे रोड को जोड़ती है, वहां अब करीब 28 लाख रुपए की लागत से दोनों तरफ पक्के नालों का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर इस विकास कार्य का शिलान्यास किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह गली शहर का मुख्य हिस्सा है, लेकिन पिछले काफी समय से जल निकासी ठप होने के कारण यहां हमेशा पानी भरा रहता था। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी बदबूदार और गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता था। पार्षद ने इस समस्या से अवगत कराया।

जिसके बाद करीब 28 लाख रुपए की लागत से गली के दोनों साइड में नाला निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास के दौरान वार्ड वासियों ने विधायक को क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। लोगों ने एक विशेष गली में बढ़ते अतिक्रमण की शिकायत की, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है।



**गन्नौर।** विधायक ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर इस विकास कार्य का शिलान्यास करते हुए।

#### ये रहे मौजूद

वार्ड पहुंचने पर पार्षद अजय सरोहा और स्थानीय लोगों ने विधायक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद वरुण जैन, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, टिंकू प्रधान, नेत्रपाल रापरिया, जगबीर, प्रदीप, डॉ. कृष्ण चंद्र, सुरेंद्र त्यागी, सुभाष फौजी, सरपंच प्रमोद ढाका और सुभाष रोहिल्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अशोक खत्री बने खत्री खाप के राष्ट्रीय प्रधान

**सोनीपत।** रामनवमी के पावन अवसर पर दिल्ली के नरेला स्थित शाहपुर गांव में अखिल भारतीय खत्री गोत्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से खत्री समाज के प्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अशोक खत्री को खत्री खाप का राष्ट्रीय प्रधान नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित सदस्यों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम में रणवीर सिंह, मेहताब सिंह, विजेंदर सिंह, सतवीर सिंह, राज सिंह और राजपाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## सीईओ मनीष राव होंगे रूस के चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में उपलब्धि दर्ज की

अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए,रूस की प्रतिष्ठित नेशनल रिसर्च मोर्डोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एमआरएसयू ने आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव को बतौर ग्लोबल चीफ गेस्ट एक विशेष निमंत्रण भेजा है। यह निमंत्रण दोनों संस्थानों के बीच बढ़ते शैक्षिक संबंधों और आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक प्रमाण है। यह निमंत्रण इसी साल सात जनवरी को हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद आया है, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई थी। रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को ने अपने पत्र में आरपीएस ग्रुप की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली छात्रों को तैयार करने और उन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने में ग्रुप का योगदान सराहनीय है। यूनिवर्सिटी के रेक्टर, दिमित्री ग्लुश्को द्वारा प्रेषित इन आधिकारिक पत्रों में न केवल इन्जीनियर मनीष राव को विश्वविद्यालय में एक ग्लोबल चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया है, बल्कि आरपीएस ग्रुप के दो मेधावी छात्रों के लिए भी बड़ी घोषणा की गई है।




**महेंद्रगढ़।** रेक्टर दिमित्री ग्लुश्को से हाथ मिलाते मनीष राव। *फोटो : हरिभूमि*

#### सीधे प्रवेश की पेशकश की

विश्वविद्यालय ने आरपीएस ग्रुप के उत्कृष्ट छात्रों भव्या गुणवाल स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ-2025 और आदीश जैन स्वर्ण पदक विजेता, आईजेएसओ- 2026) को सीधे प्रवेश की पेशकश की है। इन छात्रों की अंतरराष्ट्रीय मंच पर असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देते हुए, विश्वविद्यालय उन्हें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और स्टाइपेंड प्रदान करेगा।

### संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखें



**गोहाना।** नवनियुक्त पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गोहाना जितेन्द्र गहलावत ने गुरुवार को मिनी सचिवालय में गोहाना जोन के सभी थाना प्रभारियों, ट्रैफिक और चौकी इंचार्जों की बैठक ली। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव भी उपस्थित रहे। बैठक में 29 मार्च को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। डीसीपी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखा जाए, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी सतर्कता एवं अनुशासन बनाए रखें।



### माता दुर्गा अष्टमी पर हवन यज्ञ व कीर्तन का आयोजन

**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड 11 में माता शीतला मन्दिर के पास माता दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन-यज्ञ कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन में नरेश कुमार दिलावर, साहिल, दिलावर, दिपांशु, ने आहुति डाली। जिसमें नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भंडारे की व्यवस्था जितेन्द्र, रामेश्वर, संजय ने संभाली। कार्यक्रम में नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि माता शीतला का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और क्षेत्र में खुशहाली आए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक कप्तान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, जीवन मूल्यों को स्मरण कराने का अवसर

■ समाजसेवी अरुण बंसल ने रामनवमी महोत्सव में सहभागिता की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अरुण बंसल ने कहा रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों को पुनः स्मरण करने का अवसर है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर समाज को बेहतर दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। समाजसेवी अरुण बंसल जीवन विहार एक्सटेंशन स्थित राम मंदिर में आयोजित रामनवमी के वार्षिक महोत्सव में संबोधन दे रहे थे।

इस पावन अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक समृद्धि की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन और उनके आदर्शों का स्मरण किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था, और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अपने संबोधन में अरुण बंसल ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट करने का कार्य करते हैं।



**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें समाजसेवी अरुण बंसल का स्वागत करते हुए।




**गोहाना।** मंडल पदाधिकारियों के साथ विचारविमर्श करते हुए भूपेंद्र मुद्गिल।

### रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर आएं : भूपेन्द्र

**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा गोहाना मंडल के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुदगिल ने की और संयोजन मंडल महामंत्री अनीता जिंदल व डॉ. विजेन्द्र खींची का रहा। मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र मुद्गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी 29 मार्च को गोहाना की नई सब्जी मंडी में रैली को संबोधित करेंगे। रैली की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा करेंगे। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लेकर पहुंचें। मुख्यमंत्री इस रैली में गोहाना के लिए विकास का पिटारा खोलेंगे। बैठक में डॉ. ओमप्रकाश शर्मा, राजू पटवा, खुशीराम नरूला, विजय निनाणिया, मनोज कुमार, संजय कुमार, राजेंद्र नेहरा, किरण सैनी, प्रसन्नी मलिक व पवन खन्ना आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### आढ़तियों ने नई अनाज मंडी में बिजली, पानी, पार्किंग व पर्याप्त शेड जैसी सुविधाओं की कमी बताई

# सुविधाओं के बिना मंडी शिफ्टिंग रुकी, आढ़तियों को बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामी रोड स्थित सब्जी मंडी को रोहतक रोड पर नई मंडी में स्थानांतरण करने का मामले फिलहाल ठंडे बस्ते में है। विधायक निखिल मदान ने आढ़तियों के विरोध व मूलभूत सुविधाओं के अभाव को देखते हुए प्रशासनिक दखल देकर किसान शेड हटाने की प्रस्तावित बोली को रद्द करवा दिया है। द सोनीपत फ्रूट एंड वेजिटेबल कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन की बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और विधायक निखिल मदान को मांग पत्र सौंपा। द सोनीपत फ्रूट एंड वेजिटेबल कमीशन एजेंट्स एसोसिएशन की बैठक में आढ़तियों ने विधायक को मांग पत्र सौंपते हुए बताया कि नई अनाज मंडी में बिजली, पानी, पार्किंग व पर्याप्त शेड जैसी सुविधाओं की कमी है। साथ ही गांव बैंयापुर से गुजरने वाला संकरा रास्ता बड़ी गाड़ियों के लिए उपयुक्त नहीं है।



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान के समक्ष अपनी समस्या रखते आढ़ती।

#### आढ़तियों के विरोध से मंडी स्थानांतरण टला

एसोसिएशन के प्रधान कुलदीप सहरावत व उपप्रधान मयंक चौधरी (मोनू) ने कहा कि बिना तैयारी के मंडी स्थानांतरण करने से उनका व्यापार चौपट हो जाएगा। सब्जी मंडी में बने शेड की हालत काफी जर्जर हो चुकी है, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। आढ़तियों ने बताया कि अनाज मंडी के पास नई सब्जी मंडी में अभी पानी, बिजली, पार्किंग व पर्याप्त शैड जैसी बुनियादी सुविधाएं पूरी नहीं हैं। ऐसे में वहां कारोबार करना मुश्किल होगा। बिना पूरी तैयारी के मंडी को स्थानांतरण करने से व्यापारियों और किसानों दोनों को नुकसान होगा। उन्होंने मांग की, कि पहले सभी मूलभूत सुविधाएं को पूरा करवाकर ही मंडी को स्थानांतरण किया जाए। विधायक निखिल मदान ने आढ़तियों को आश्वासन दिया कि जब तक नई मंडी में सभी सुविधाएं पूर्ण नहीं हो जाती, व्यापारियों की सहमति नहीं बनती, तब तक इसे स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। विधायक के आश्वासन के बाद आढ़तियों ने अपना विरोध वापस ले लिया है। इस दौरान पदाधिकारी इंद्र गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।